तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 25 दिसम्बर 2023

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 समग्र विकास के लिए निरंतर किया जाएगा प्रयास : लक्ष्मी



## खबर संक्षेप

### क्रिसमस पर स्नेह सम्मेलन समारोह आज

**अंबिकापुर।** मसीही समाज द्वारा क्रिसमस का त्यौहार जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। क्रिसमस के अवसर पर 24 दिसंबर की रात महागिरजाघर समेत सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 25 दिसंबर को प्रभु ईसा मसीह के पावन जन्मोत्सव पर क्रिसमस स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा ने बताया कि क्रिसमस के अवसर पर बिशप निवास नवापारा में शाम 4 बजे से क्रिसमस स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। क्रिसमस स्नेह सम्मेलन में समाज के लोगों के साथ ही अतिथि शामिल होंगे।

### राधेश्याम मंदिर में सोलह प्रहर अखंड नाम संकीर्तन आज

**बिश्रामपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राधे श्याम मंदिर सिलफिली बंगालीपारा में सोलह प्रहर अखण्ड नाम संकीर्तन समारोह का आयोजन आज 25 से 28 दिसम्बर तक किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रथम दिवस 25 दिसंबर को कीर्तन के साथ प्रातः 8 बजे कलश यात्रा एवं अधिवास, 26 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से अखंड नाम कीर्तन प्रारंभ, 27 दिसम्बर को अखंड नाम कीर्तन जारी रहेगा। 28 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे अखंड नाम कीर्तन का समापन, प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक नगर भ्रमण, 1 बजे से 4 बजे तक पदावली कीर्तन, अपरान्ह 4 बजे से धर्मिक प्रवचन, महोत्सव तथा महाप्रसाद वितरण साय 4.30 बजे से वस्त्र वितरण के पश्चात विभिन्न प्रान्तों से उपस्थित भक्तों का संपर्क एवं मातृ मिलन के साथ नाम संकीर्तन का प्रारंभ किया जाएगा। कीर्तन मंडली का संचालन उड़ीसा के अशोक मालाकार, श्यामसुंदर सम्प्रदाय, बलरामपुर के राजकुमारी निताई गौर सम्प्रदाय, कोलकाता से कविता मण्डल भाई बोन सम्प्रदाय, बलरामपुर से निखिल बछाड, गोपाल गिरधारी संप्रदाय बलरामपुर कृष्णानगर, माखन हालदार, ओम सत्य हरि संप्रदाय द्वारा किया जाएगा। 28 दिसम्बर को संध्या आरती के बाद बच्चों द्वारा रंगारंग भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुष्ठान संचालक के रूप में गोविंद ब्रम्हचारी महाराष्ट्र, रूपानन्द स्वामीजी वृन्दावन, ध्यानानंद महाराष्ट्र एवं भवानंद ब्रह्मचारी महाराष्ट्र हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्री नरनारायण सेवा संघ समिति व राधेश्याम मन्दिर द्वारा किया जाएगा।

### अटल कविता पाठ व विचार संगोष्ठी आज

**अंबिकापुर।** सुशासन दिवस पर अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में संध्या 5 बजे अटल संध्या पर अटल जी की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, निबंध स्पर्धा का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अंबिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा लुंड्रा के विधायक प्रबोध मिंज करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा सीतापुर के विधायक रामकुमार टोप्पो होंगे।

### सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण हेतु राशि स्वीकृत

# बास्केटबॉल कोर्ट में जगह जगह आई दरारें, गिरकर घायल हो रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिस बास्केटबॉल कोर्ट से खेलकर बच्चों ने शहर व जिले को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई वही बास्केटबॉल कोर्ट आज अव्यवस्थाओं का शिकार हो गया है। वर्षों पुरानी सी में टेड बास्केटबॉल कोर्ट में दरारें आ गई है और बच्चों को अभ्यास करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बास्केटबॉल कोर्ट जगह जगह खराब होने के कारण बच्चों के जूते जल्दी घिस रहे है और वे गिरकर घायल हो रहे है। बड़ी बात तो यह है कि निगम द्वारा बच्चों के लिए सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण की स्वीकृति दी गई है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण अब तक इसके निर्माण का कार्य प्रारंभ नही हो सका है। बता दें कि शहर के गांधी स्टेडियम मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट स्थित है। इसी बास्केटबॉल कोर्ट में प्रतिदिन अभ्यास कर बच्चों ने अनेकों मेडल जीते है। बास्केटबॉल के खेल में बच्चों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिले व शहर का नाम रौशन किया है। इस कोट से खेलकर निकले बच्चों को उनकी प्रतिभा के दम पर खेल कोटे से शासकीय नौकरी भी मिली है। यही वजह है कि बास्केटबॉल खेल को लेकर सरगुजा के बच्चों में विशेष रुचि है। प्रतिदिन कोट में दर्जनों छोटे व बड़े बच्चे अभ्यास करते है लेकिन अब यह बास्केटबॉल कोट काफी पुराना और जर्जर हो चुका है यही वजह है कि खिलाड़ियों को पुराने कोट में खेलने व अभ्यास करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बास्केटबॉल कोट सीमेंट की ढलाई कर वर्ष 2013 में बनाया गया था लेकिन वर्षों तक खेलने के बाद पुराना बास्केटबॉल कोट जगह जगह से खराब हो गया है। बास्केटबॉल कोट में दरारें आ गई है और अभ्यास करने के दौरान बच्चों के जूते जल्दी घिसकर खराब हो रहे है वहीं कोट पर खेलने के दौरान गिरने से बच्चों के घुटने छिल जा रहे है और बच्चे घायल हो रहे है। कोट में खराबी आने का सबसे बड़ा असर बच्चों के खेल प्रदर्शन पर पड़ रहा है। बच्चे सही ढंग से अभ्यास नहीं कर पा रहे है जिसे लेकर बच्चों में भी निराशा है।

**खास बात**

- टेंडर के बाद भी अब तक नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य, खिलाड़ियों को अभ्यास में हो रही कठिनाई



बास्केटबाल कोट पर अभ्यास करते बच्चे।

#### किया जा चुका है भूमिपूजन

गांधी स्टेडियम में बच्चों को बास्केटबॉल खेल की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम सरकार की पहल पर सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण की स्वीकृति मिली थी। निगम सरकार द्वारा आचार संहिता से पहले ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण हेतु भूमिपूजन भी कर लिया गया था लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के इतने दिनों बाद भी अब तक सिंथेटिक कोर्ट को लेकर प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। निर्माण कार्य शुरू नही होने से बच्चों की परेशानी बढ़ गई है। निर्माण को लेकर अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाही इसका मुख्य कारण है। बास्केटबॉल कोर्ट यदि सिंथेटिक बन जाता है तो बच्चों को बेहतर ढंग से अभ्यास करने का मौका मिल सकेगा और बच्चे शहर व जिले के लिए मेडल जीत सकेंगे।

#### इन कार्यों की मिली थी स्वीकृति

निगम सरकार की पहल पर पूर्व के शासन द्वारा 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी जिससे सड़क नाली व अन्य विकास कार्य किए जाने थे। इनमें 100.60 लाख रुपए की लागत से पीजी कॉलेज में 1100 मीटर लंबा वॉकिंग ट्रैक, पेवर ब्लॉक का उन्नयन, ग्रीन स्पेश डिवाइडर सह आकर्षक विद्युत लाइटिंग, पीजी कॉलेज मैदान में वॉकिंग के लिए आने वाले लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था, मॉड्यूलर टॉयलेट की स्वीकृति दी गई थी। वहीं 332.05 लाख की लागत से गांधी स्टेडियम में खेल आयोजनों की दृष्टि से फ्लड लाइट, स्टेडियम की गैलरी में टॅसाईल फेब्रिक रूफ कव्हरिंग, स्टेडियम चेयर, बास्केटबॉल सिंथेटिक कोर्ट, लाइट सहित अन्य कार्य किए जाने थे लेकिन कार्यों को लेकर अधिकारी कर्मचारी विशेष रूचि नहीं दिखा पा रहे है।

#### जल्द कराया जाएगा निर्माण

गांधी स्टेडियम में बास्केटबॉल कोट के साथ ही अन्य स्थानों पर सुधार व मरम्मत कार्य कराए जाने है। निर्माण व मरम्मत कार्यों को लेकर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कुछ कार्य जारी है। बास्केटबॉल कोट में भी जल्द से जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा।

-**अभिषेक कुमार**, आयुक्त ननि



# संयुक्त टीम की छापामार कार्रवाई में 1940 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवैध धान भण्डारण को लेकर कोचियों व बिचौलियों पर प्रशासन की कार्रवाई जिले में जारी है। मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर प्रशासनिक टीम द्वारा अलग अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 1940 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। कोचियों द्वारा अवैध धान को समितियों में खपाने की योजना बनाई गई थी। बता दें कि जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान कोचिए व बिचौलिए अवैध रूप से अपना धान समितियों में खपाने की फिराक में है। अवैध धान की खपत को रोकने व वास्तविक किसानों का धान समितियों तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। टीम द्वारा समय समय पर मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर अवैध धान बरामद कर कोचियों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की टीम द्वारा जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर अलग अलग स्थानों से कुल 1940 बोरी धान जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर विकासखण्ड अम्बिकापुर के महामाया ट्रेडिंग से 310 बोरी अवैध धान, जेके ट्रेडिंग से 400 बोरी अवैध धान, आदर्श ट्रेडिंग से 300 बोरी अवैध धान एवं कृष्णा ट्रेडिंग से 800 बोरी अवैध धान जब्त किया है। इसी तरह विकासखण्ड सीतापुर के ग्राम भवराडांड के अमित किराना दुकान से कुल 25 बोरी अवैध धान, ग्राम सहनपुर के राधा जनरल स्टोर से 35 बोरी अवैध धान, ग्राम मुरता के गुप्ता जनरल स्टोर से कुल 20 बोरी अवैध धान तथा ग्राम आमाटोली के गुप्ता स्टोर से कुल 50 बोरी अवैध धान जब्त कर लिया गया। राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दुकान संचालकों से धान के सम्बंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर धान जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

- दर्जनभर से अधिक दुकानों व दुकानों में की गई कार्रवाई

## दो दुकानों से 322 बोरी जब्त

**बतौली।** राजस्व अमले ने छापामार कार्रवाई के तहत दो दुकानों में अवैध रूप से संग्रहित 322 बोरी धान को जब्त करने में सफलता पाई है। अमले ने ग्राम शिवपुर स्थित नितिमा किराना स्टोर से 122 बोरी एवं अभिषेक किराना स्टोर से 200 बोरी अवैध धान जब्त किया है। माना जा रहा है कि समितियों में खपाने के लिए धान का भंडारण किया जा रहा था। इस दौरान तहसीलदार तारा सिदार, नायब तहसीलदार संजय कुमार, आरआई धमेंद्र दुबे, राजन कश्यप, मनीष सिंह आदि सक्रिय थे।



# चीतल का शिकार करने लगे फंदे में फंसकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में शिकारियों द्वारा तरंगित तार का फंदा लगाकर शिकार करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिकारियों के इस फंदे में फंसकर इंसानों व बेजुबान जानवरों को अपनी जान गवानी पड़ रही है। एक बार फिर से शिकारियों द्वारा लगाए गए तरंगित तार के फंदे में फंसने से एक युवक की मौत हो गई। युवक पैदल ही अपने घर की ओर लौट रहा था इस दौरान शौच के नाम पर वह खेत की तरफ उतरा और हाईटेंशन तार के फंदे में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत के बाद डरकर उसके साथी भाग गए और घटना की जानकारी परिजन को दी। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि पस्ता थाना के डौरा चौकी अंतर्गत ग्राम अतौरी निवासी 32 वर्षीय संतु चेरवा आ. रामनंदन चेरवा अपने साथियों घमेश्वर व धुरसाय के साथ 22 दिसंबर को किसी काम से ग्राम कदौरा गया हुआ था। रात लगभग 9 बजे तीनों युवक पैदल ही सड़क मार्ग से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान चौकी अंतर्गत जूनाडीह नाला के समीप संतु चेरवा शौच करने के लिए सड़क से नीचे खेत की तरफ उतरा जबकि उसके दोनों साथी सड़क पर ही मौजूद थे। बताया जा रहा है कि नाला के तरफ उतरते समय अचानक ही तेज आवाज के साथ चिंगारी उठने लगी। जब उसके साथी कुछ दूर आगे बढ़ते तो उन्हें संतु चेरवा करेंट से जलता हुआ नजर आया जिसके बाद दहशत में आए युवक मौके से फरार हो गए। युवकों ने पैदल ही रात में गांव जाकर घटना की जानकारी ग्रामीणों व परिजन को दी। भोर में जब युवक के परिजन मौके पर पहुंचे तो संतु की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन ⏭ शेष पेज 4 पर

- घर जाते समय उतरा था शौच के लिए नाला की तरफ, डौरा चौकी के जूनाडीह का मामला





### 50 किमी की पदयात्रा कर पहुंचे श्याम भक्तों ने किया नगर भ्रमण

**प्रतापपुर।** श्री श्याम भक्त मंडल मंदिर द्वारा श्री श्याम मंदिर अम्बिकापुर से प्रतापपुर के लिए दो दिवसीय पैदल निशान पदयात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। 50 किमी की पदयात्रा कर पहुंचे पदयात्रियों ने हाथों में निशान यात्रा लेकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान जितेंद्र तायल, गरीब राम गोयल, नितिन बंसल, अमित गर्ग, रोहित गोयल, शिवम गोयल, बजरंग गोयल, कुश तायल, उज्जवल मितल, सुनिल ठाकुर, दूधनाथ सिंह उपस्थित थे।

# पलटन घाट में नहाने के दौरान डूबा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

पलटन घाट में पिकनिक मनाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने साथियों के साथ झारखंड से पिकनिक मनाने के लिए आया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और गोताखोरों के माध्यम से शव को तलाश किया जा रहा है। फिलहाल डूबे हुए युवक का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि झारखंड के गढ़वा निवासी 20 वर्षीय उज्जवल यादव अपने छह साथियों के साथ पिकनिक मनाने के लिए नगर के पलटनघाट आया हुआ था। पलटन घाट में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण युवक डूब गया। इस दौरान उसके साथियों ने उज्जवल को बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो सके। युवक के पानी में डूबने की जानकारी युवकों ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से शव को तलाश किया जा रहा है। इधर घटना के बाद परिजन व दोस्तों में शोक का माहौल है।



### चक्रवाती परिसंचरण पड़ा कमजोर, पारा में आंशिक गिरावट

# फिर बदली हवा की दिशा, विक्षोभ के प्रभाव से जारी रहेगा पारा में उतार-चढ़ाव

**अम्बिकापुर।** चक्रवाती परिसंचरण के कमजोर पड़ने के बाद फिर से हवा की दिशा बदल गई है। पिछले तीन दिनों से चल रही पूर्व की हवा थम गई है तथा उत्तर की हवाएं चलना शुरू हो गई है। उत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से पारा में गिरावट होने का दौर भी शुरू हो गया है लेकिन उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से ठंड में अत्यधिक वृद्धि होने की संभावना नहीं है। मौसम अधिकारी अभी पारा में उतार-चढाव का क्रम चलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड रही थी तथा 20 दिसम्बर को रात का तामपान निम्नतम स्तर 5.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। इधर दक्षिण भारत में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से ऊपरी आसमान पर जारी बादलों की आवाजाही के साथ पछुआ विक्षोभ के प्रभाव मौसम में अचानक बदलाव आया तथा हवा की दिशा उत्तर से बदल कर उत्तर-पूर्व हो गई। उत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह रूकने एवं पश्चिम की हवाएं चलने से शनिवार को रात का तापमान बढ़कर 10.3 डिग्री पर पहुंच गया था। मौसम कार्यालय द्वारा शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री एवं शनिवार को 10.3 रिकार्ड किया गया था। ठंड से तीन दिन की राहत के बाद चक्रवाती परिसंचरण कमजोर हो गया है तथा आसमान पर छाए बादल भी साफ हो गए है। रविवार को हवा की दिशा बदल कर फिर से उत्तर की हो गई है। सुबह उत्तर की शर्द हवाएं चली, जिससे रात के तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। इधर उत्तर भारत में सक्रिय एक नए पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से 3-4 दिन बाद आसमान पर फिर से बादलों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर हवा की दिशा बदलने के साथ तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि उत्तरी हवाओं के प्रवाह चलने से तापमान में 1-1.5 डिग्री तक की गिरावट होने तथा विक्षोभ के प्रभाव से आगे तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना है।

### सात वर्षों से किसान कर रहे थे इंतजार

# सुशासन दिवस: संभाग के 104227 किसानों को मिलेगी दो वर्षों की बकाया राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

किसानों से बकाया धान बोनस की राशि वितरण का वादा कर सत्ता में आई भाजपा पार्टी सोमवार को अपना वादा पूरा करने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को वर्ष 2014-15 व 2015-16 के धान खरीदी के बकाया बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। बड़ी बात यह है सरगुजा संभाग के पांच जिलों में सुशासन दिवस पर 104227 किसानों के खाते में 19361.62 लाख रुपए का अंतरण किया जाएगा। इस राशि के मिलने से किसानों को बड़ी राहत मिल सकेगी। बता दें कि इस बार के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी किसानों के दो वर्ष के बकाया बोनस राशि के वितरण का वादा लेकर मैदान में आई थी। चुनाव के दौरान भाजपा ने किसानों से वादा किया था कि सत्ता आने पर उन्हें दो वर्षों का बकाया बोनस दिया जाएगा।

चुनाव में भाजपा के इस घोषणा का बड़ा असर हुआ और उन्हें जनसमर्थन भी मिला। यही वजह है कि प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत में साथ सत्ता में आई है। सत्ता में आने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में इस बात की घोषणा कर दी थी किसानों को 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर किसानों को बकाया बोनस राशि प्रदान की जाएगी। सीएम की घोषणा के बाद से ही जिलों में प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई थी। सरगुजा संभाग के पांच जिलों की बात की जाए तो यहां सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया व एमसीबी जिले में में कुल 104227 किसानों को 19361.38 लाख रुपए की बकाया राशि का वितरण किया जाएगा। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर संभाग भर में सुशासन दिवस मनाया जाएगा और इसी सुशासन दिवस पर 7 वर्षों से बोनस राशि का इन्तजार कर रहे किसानों के खातों में सीधे राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। वर्षों बाद शेष बची हुई बोनस राशि मिलने से किसानों में भी हर्ष का माहौल है।

#### कहां कितने किसानों को मिलेगी राशि

सरगुजा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 में 15624 किसानों द्वारा 915185.90 क्विंटल धान बेचा गया था जिसकी बोनस राशि 2745.56 लाख रुपए का वितरण एवं 2015-16 में 16038 किसानों द्वारा 1107253 क्विंटल धान बेचा गया था जिसकी बोनस राशि 3321.76 लाख रुपए का वितरण किसानों को किया जायेगा। इसी तरह बलरामपुर जिले में वर्ष 2014-15 में 11716 किसानों का 2151.47 लाख व वर्ष 2015-16 में 12014 किसानों का 2410.45 लाख रुपए, सूरजपुर जिले में वर्ष 2014-15 में 18280 किसानों का 3412.94 लाख व वर्ष 2015-16 में 16160 किसानों का 3065.72 लाख रुपए, कोरिया जिले में वर्ष 2014-15 में 6710 किसानों का 1144.47 लाख व वर्ष 2015-16 में 3006 किसानों का 464.07 लाख रुपए, एमसीबी जिले में वर्ष 2014-15 में 3364 किसानों का 470. 80 लाख व वर्ष 2015-16 में 1315 किसानों का 174.38 लाख रुपए बकाया था।

### बस स्टैंड निगम कॉम्प्लेक्स के पीछे छिपकर कर रहे थे ग्राहक का इंतजार

# 2 लाख के नशीले इंजेक्शन समेत दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस ने नशीला इंजेक्शन बिक्री करने की फिराक में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 2 लाख रुपए का इंजेक्शन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि दो युवक प्रतीक्षा बस स्टैंड में निगम कॉम्प्लेक्स के पीछे नशीला इंजेक्शन बेचने की फिराक में युवक घूम रहे है। सूचना मिलने के बाद एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला व एसडीओपी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड निगम कॉम्प्लेक्स के पीछे घेराबंदी कर दो युवकों को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए युवकों की पहचान गुदरी चौक निवासी 32 वर्षीय घनश्याम यादव उर्फ बबलू आ. स्व. महेश्वर यादव व जनपद पारा बंसल गली निवासी 33 वर्षीय राकेश सिंह उर्फ मोनू आ. स्व. अशोक सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी युवकों के पास से 400 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान नशीले इंजेक्शन की तस्करी कर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश करने की बात कबूल की है। जब्त इंजेक्शन की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक व इंजेक्शन को जब्त कर लिया गया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राजेश सिंह, प्रतीक्षा बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक मंटू गुप्ता, विमल कुमार, अतुल सिंह, संजय तिवारी सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में मनाया जाएगा सुशासन दिवस



**सूरजपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती पर 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाएगा। भाजपा सुशासन दिवस पर विधानसभा चुनाव में जारी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के किसानों को दो वर्ष का धान का बोनस देने जा रही है।शासन द्वारा आयोजित धान बोनस वितरण कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सूरजपुर मे कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी व भैयाथान मे पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि सुशासन दिवस पर जिले भर के सभी मंडल मुख्यालय व मतदान केन्द्रों पर विविध कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संगोष्ठी व कविता पाठ व कवि सम्मेलन का आयोजन कर अटल जी को याद किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि सभी ग्राम पंचायतों में अटल चौक पर पुष्पांजलि कर अटल जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाएं।

## आक्रोशित छात्राओं ने की प्रोफेसर की पिटाई

# रासेयो शिविर के दौरान प्रोफेसर पर छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, आक्रोशित छात्र छात्राओं ने किया थाने का घेराव



शिकायत करते छात्र-छात्राएं।

रासेयो शिविर के दौरान प्रोफेसर द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। छात्राओं ने प्रोफेसर पर छेड़छाड़ करने के साथ ही मामले की शिकायत करने पर परीक्षा परिणाम प्रभावित करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। छात्राओं ने घटना को लेकर जमकर हंगामा मचाया व प्रोफेसर की चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। इस पूरे मामले को लेकर एनएसयूआई ने थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया और दोषी पर कार्रवाई की मांग की। मामले में छात्राओं की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय स्थित पंडित रेवती रमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम पसला में 15 से 21 दिसंबर तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में एनएसएस के 12 छात्र समेत 35 छात्राएं शामिल थी। आरोप है कि शिविर के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व अर्थशास्त्र विषय के प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार पैकरा द्वारा कॉलेज की चार छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने के साथ ही उनसे छेड़खानी की गई। जब छात्राओं ने इसका विरोध किया तो प्रोफेसर ने छात्राओं को धमकी दी कि अगर उन्होंने मामले की शिकायत परिजन से की तो उनका परीक्षा परिणाम प्रभावित कर देंगे। ऐसे में छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है। शिविर समाप्त होने के बाद कॉलेज की छात्राएं कोतवाली थाना पहुंची थी और उन्होंने प्रोफेसर पर कार्रवाई की मांग की लेकिन शिकायत किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा मामले में लापरवाही बरती गई। घटना के बाद मामले को गंभीरता से नहीं लेने व प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सीके चौधरी के नेतृत्व में थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पंकज तिवारी, जीशान अहमद, अदनान सिद्दीकी सहित अन्य कार्यकर्ताओं व छात्र छात्राओं ने थाने के बाहर धरना प्रदर्शन के साथ ही जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं आक्रोशित छात्राओं ने आरोपी प्रोफेसर की चप्पल से पिटाई कर दी। छात्र छात्राओं के आक्रोश व प्रदर्शन के बाद पुलिस द्वारा मामले में प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार पैकरा के खिलाफ धारा 354 व पास्को एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध दर्ज कर प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है।

### दिए गए है कार्रवाई के निर्देश

मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी मिली है। सूरजपुर रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय के प्रोफेसर पर छात्राओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। मामले की सही तरीके से जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

-श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़

## समग्र विकास के लिए निरंतर किया जाएगा प्रयास : लक्ष्मी





दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पूजा अर्चना करने पहुंची भटगांव विधायक एवं केबिनेट मंत्री, मेन मार्केट में महिलाओं ने किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- मंत्री पद के शपथ ग्रहण के बाद प्रथम नगर आगमन पर भटगांव विधायक का कई जगह हुआ स्वागत
- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ लगाए विजयी नारे, वितरण की गई मिठाइयां

केबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार बिश्रामपुर क्षेत्र पहुंची भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े का कई जगह भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान नवनियुक्त भटगांव विधायक द्वारा बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ पूजा अर्चना की गई, मीडिया से चर्चा करते हुए केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि भटगांव विधानसभा के हर कार्यकर्ता और आम जनता की मैं आभारी हूं। जगह-जगह स्वागत में जिस तरह से जनसैलाब उमड़ रहा है, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है। जनता ने जिस तरह इस बार धनबल को हराकर जनबल का साथ दिया, इससे प्रदेश में कमल का फूल खिला। सीएम विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रीमंडल का विस्तार कर मुझे भी मंत्रीमंडल में शामिल किए हैं, इसके लिए मैं पीएम, केन्द्रीय गृहमंत्री, सीएम व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की आभारी हूं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जो भी विभाग मिलेगा, उस पर बेहतर ढंग से काम किया जाएगा। क्षेत्र व प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रयास होगा। घोषणा पत्र के कई बिंदु पर सीएम ने स्वीकृति भी दे दी है। किसानों को दो साल का बोनस 25 दिसंबर को दिया जाएगा। प्रधानमंत्री की योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा प्रदेश के लोगों को मिलेगा। जितने भी घोषणा किए गए थे उसके हर बिंदु का पालन होगा।

प्रथम नगर आगमन के दौरान केशवनगर में दुर्गा शंकर जायसवाल, कॉन्वेंट स्कूल के सामने अभिषेक मिश्रा, बस स्टैंड में दीपेंद्र चौहान, गीता घोषाल, गुरुद्वारा चौक में ललित गोयल, अशोकअग्रवाल, कृष्ण गोयल, शितिकान्त स्वाईं, जयभगवान अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, मेन मार्केट में सुकांत जिंदल, रामनिवास जिंदल, विनोद जिंदल, सुरेश जिंदल, तत्पश्चात वरदान ड्रेसेस में संघ के जिला पदाधिकारी सत्यम अग्रवाल, महेश गुप्ता, तायल काम्प्लेक्स के सामने मनी बग्गा, जयनगर में देवधन राम बिंझिया, रेलवे स्टेशन चौक में हरीश राजवाड़े के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया ।

### खोपा देवधाम जाने के दौरान कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

रविवार को केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने खोपा देवधाम प्रवास के दौरान अल्प समय के लिए दीपेंद्र सिंह चौहान के निवास पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया। यहां पर दीपेंद्र सिंह चौहान, इंजी.विनय सिंह,सत्यनारायण जायसवाल, स्वामी कुमार, अवनीश सिंह विधायक, अंकित सिंह चौहान, महेश जायसवाल, राजेंद्र पासवान, श्यामा पांडेय, मोहिनी झा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन की योजना कागजों में रह गई सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- केशवनगर में कई जगहों पर ठेकेदार ने अधूरा निर्माण कार्य कर छोड़ा
- ग्रामीणजन स्वच्छ पेयजल सुविधा से हो जा रहे वंचित



जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों में कराए जा रहे कार्य की अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग के अभाव में शासन की योजना केवल कागजों में ही पूर्ति होती दिख रही है। सुरजपुर विकासखंड की कई पंचायत में तो आलम यह है कि घरों में प्लेटफार्म का निर्माण कराकर शेष काम अधूरा ही छोड़ दिया गया है जिससे कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल अब तक प्राप्त नहीं हो सका है।इसी कड़ी में सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवनगर के वार्ड क्रमांक 10 में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्य का लाभ ग्रामीणों को आज पर्यंत तक नहीं मिल सका है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर कराए जा रहे निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं जिससे कि ग्रामीणों को शासन की महत्वकांशी योजना का लाभ मिलते नहीं दिख रहा है।इस कारण उक्त पंचायत क्षेत्र के कई मोहल्ले में ग्रामीणों को पेयजल की गंभीर समस्या से जूझने विवश होना पड रहा है। पंचायत क्षेत्र के हरिजन बस्ती की बात करें तो यहां पर एक ओर कनेक्शन कर दिया गया है लेकिन दूसरी ओर के लोगों को कनेक्शन न मिलने से परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत केशवनगर के सरपंच समीर सिंह ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को उक्त अव्यवस्था के संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। ठेकेदारों द्वारा मनमाने तरीके से अमानक स्तर का मटेरियल उपयोग करके घटिया स्तर का कार्य कराया गया है।

## नवनिर्वाचित मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**रामानुजनगर।** भटगांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक व छत्तीसगढ़ शासन की नव निर्वाचित मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का आज पहली बार आगमन होने पर रामानुजनगर तारा चौक से प्रेम नगर विधायक भूलन सिह सहित प्रेम नगर, रामानुजनगर, देव नगर मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आतिशीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्री मंडल की भटगांव के लक्ष्मी राजवाड़े को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आज प्रथम नगर आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। रामानुजनगर एसडीएम नंद पांडे तहसीलदार श्री साय, थाना प्रभारी प्रकाश राठौर,पीडब्लूडी एसडीओ सुरेश मिश्रा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके विश्वकर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती पटेल ने स्थानीय विश्राम गृह में स्वागत किया। उन्होंने शिविर में पहुंच कर संकल्प शिविर का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से केंद्र और राज्य की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है। तीन पंचायतों का सेक्टर बना कर सभी विभागों द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है आप सभी जो भी शासन की योजनाएं चल रही है उनका लाभ ले। साथ ही कहा कि सबसे पहले जो मूलभूत सुविधाएं है उन्हें पूरा करूंगी और जो हमारी सरकार द्वारा घोषणा की गई है उन्हें पूरा करना हमारी सबसे पहले जिम्मेदारी है। इस दौरान दीपनारायण सिह, शैलेश्वर सिह, रामनिवास साहू, अजय सिंह, अनूप दुबे, रामविलास साहू, राकेश शुक्ला, रामप्रताप साहू, आशुतोष दुबे, विवेक दुबे, रामकृष्ण साहू, सुमित साहू, रिंकल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।






।। श्री दर्शनम् ।।

Hero




# वर्षगांठ

दिनांक 25/12/2023

## आनन्द ऑटोमोबाईल्स अम्बिकापुर

## विगत् 25 वर्षो से हमारे 2,12,000+ संतुष्ट ग्राहक

## सरगुजा संभाग के अग्रणी डीलर
## आपके निरंतर और अटूट विश्वास
## के साथ मना रहे है
## 25वीं वर्षगांठ





प्रदीप गुप्ता



गरूणध्वज गुप्ता
(गुलशन गुप्ता)



नितीन गुप्ता

इस विश्वास और सहयोग
के लिए
आप सभी का

# आभार



स्थापना वर्ष - 1958 ( विगत 65 वर्षो से आपकी सेवा में )
सह-संस्थान
आनन्द सायकल स्टोर्स, देवीगंज रोड
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

सह-संस्थान
आनन्द ऑटो एजेन्सीज,जोड़ा पीपल
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

संस्थान
आनन्द ऑटोमोबाईल्स, आनन्द नगर अम्बिकापुर
एवं देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

सह-संस्थान
आनन्द दर्शन,देवीगंज रोड
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

सह-संस्थान
आनन्द ऑटोमोटिव, आनन्द नगर
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

सह-संस्थान
आनन्द फ्यूल्स, अंजू नगर
लहपटरा NH 130 सरगुजा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा योजना के प्रदेश सह संयोजक बने कृष्णा प्रजापति



**अम्बिकापुर।** नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हिमांशु चौहान के अंबिकापुर दौरे कार्यक्रम में अजय प्रजापति, राजू राजवाड़े रायगढ़ से संगठन से अनिरुद्ध गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में भारत सरकार के बेहतरीन योजना विश्वकर्मा योजना के प्रदेश सह संयोजक कृष्णा प्रजापति को बनाए जाने पर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन श्याम गुप्ता ने कहा कि छोटे कारीगरों को इस योजना के लाभ मिलने पर उनके आर्थिक विकास के ग्राफ बढ़ेंगा और पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनेंगे।

### दो दिन में तीन दुकानों में हुई चोरी

**अम्बिकापुर।** दो दिनों में तीन स्थानों पर हुई चोरी ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल दी है। बस स्टैण्ड स्थित विद्यादीप किताब दुकान, शिव मंदिर के सामने स्थित प्रताप पान ठेला और बाजार चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में हुई चोरी से क्षेत्र के व्यापारियों में भय का माहौल है। शुक्रवार की रात बाजार चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से चोरों ने ठेला के पीछे लगे लोहे की चादर को तोड़कर फोटो कॉपी प्रिंटर सहित अन्य समान चोरी कर ले गए। शनिवार को बस स्टैण्ड स्थित विद्यादीप से फोटो कॉपी प्रिंटर, कापी और नगद रूपए सहित अन्य सामानों की चोरों ने पीछे के हिस्से में सेंध लगा चोरी कर ले गए। शनिवार को चोरों ने प्रताप के पान ठेला के नीचे पटरा को उखाड़कर सिगरेट के पैकेट, पान मसाला और नगद रूपए पार कर दिया। पीड़ितों ने घटना की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल का जायजा लेकर चोरों की तलाश रही है।

## पेज 1 का शेष...

### चीतल के शिकार हेतु...

के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि कुछ शिकारियों द्वारा नाला किनारे सूखी हुई लकड़ी के छोटे छोटे खूंटे गाड़कर हाईटेंशन तार की चोरी कर उसे सेंट्रिंग करने वाले तार में फैलाया गया था। तरंगित तार का जाल शिकारियों ने जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाया गया था। चूंकि इस क्षेत्र में जंगली शुअर के साथ ही चीतल मौजूद है ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि चीतल या जंगली सुअर के शिकार हेतु ही फंदा लगाया गया था। इसके साथ ही जब ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तो तरंगित तार को हटा लिया गया था और शव को भी घटना स्थल से 50 मीटर दूर कर दिया गया था जिससे यह स्पष्ट है कि घटना के बाद शिकारियों द्वारा ही अपराध छिपाने के लिए साक्ष्य से छेड़छाड़ की गई। बड़ी बात यह है कि तरंगित तार का फंदा लगाकर शिकार का यह कोई पहला मामला नहीं है। जिले में अवैध हुकिंग कर लगाए गए तार के फंदा में फंसकर तीन युवकों की मौत हो चुकी है जबकि एक हाथी को भी जान गवानी पड़ी है। इस मामले में चौकी प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## सड़क पार कर पहुंचे धौरपुर जंगल

# हाथियों ने एनएच 343 को किया जाम



एनएच पर वाहनों की कतार।



सड़क पर तैनात वनकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/राजपुर

**खास बातें**

- करंट से हाथी की मौत होने के बाद हाथी लगातार कर रहे थे जंगल छोड़ने की कोशिश
- ग्रामीणों द्वारा लगातार रास्ता बाधित करने के कारण नहीं हो रहे थे सफल
- पूरी रात कड़ी मशक्कत के बाद अपने मार्ग से अग्रसर हुआ दल

पिछले एक पखवाड़े से राजपुर जंगल में सक्रिय 27 सदस्यीय हाथियों ने बीती रात एनएच 343 को जाम कर दिया। हाथी रात में एनएच को पार कर धौरपुर जंगल की ओर रवाना हो गए। हाथियों के जाने से क्षेत्र के किसानों एवं वन अमले ने राहत की सांस ली है।

लम्बे समय तक प्रतापपुर जंगल में सक्रिय 28 सदस्यीय हाथियों का बड़ा दल एक पखवाड़े से वन परिक्षेत्र राजपुर में भ्रमण कर रहा था। कुछ दिनों पूर्व करंट से एक हाथी की मौत होने के बाद हाथी लगातार धौरपुर जंगल की ओर जाने की कोशिशें कर रहे थे लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने एवं लगातार छेडछोड़ करने के कारण हाथी अपना मार्ग छोड़कर भटक जाते थे। चार दिनों तक ग्राम करवां एवं गोपालपुर जंगल में गुजारने के बाद पिछले एक सप्ताह से हाथियों का दल चांची जंगल में मौजूद था तथा लगातार धान व गन्ना की फसल को तबाह कर रहा था। फसल से अपनी भूख मिटाने के बाद हाथी जब भी आगे बढने की कोशिश करते ग्रामीण पटाखे फोडकर हाथियों का रास्ता बाधित कर देते थे। वन अमले द्वारा हाथियों के आक्रोशित होने पर अधिक क्षति पहुंचाने एवं हाथियों से दूर रहने की समझाईश का ग्रामीणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने एवं हाथियों द्वारा जनहानि करने के भय से वन अमला पूरी रात हाथियों की चौकसी कर रहा था। बीती रात हाथियों के एनएच की ओर बढ़ते देख वन अमला पूरी रात सक्रिय रहा। इस दौरान हाथियों ने तीन बार एनएच को पार करने की कोशिश की। वन अमले ने दोनों तरफ से आवागमन को अवरूद्ध भी किया, लेकिन ग्रामीणों द्वारा लगातार पटाखे फोड़ने के कारण हाथी लौट जा रहे थे। तड़के 3 बजे ग्रामीणों व एनएच से गुजरने वाले वाहनों का शोर शांत हुआ तो हाथी सड़क की ओर अग्रसर हुए। इस दौरान वन अमले ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर वाहनों का आवागमन रोका तो हाथियों ने एनएच 343 को पार किया। इस दौरान रविवार को तड़के 3 बजे से 3.30 बजे एनएच 343 से आवागमन अवरूद्ध रहा। हाथियों के धौरपुर की ओर अग्रसर होने पर वन अमले ने राहत की सांस ली।

**लाखों का गन्ना तबाह**

हाथियों का दल हर दिन 5-6 एकड़ गन्ना व धान की फसल तबाह कर रहे थे। हाथी फसल के नजदीक पहुंचने पर अलग-अलग हिस्सों में बंट जाते थे। बड़ा दल होने के कारण हाथी हर रात 5-6 किसानों की फसल तबाह कर रहे थे। हाथियों द्वारा लगातार धान व गन्ना की फसल को तबाह करने के कारण ग्रामीण वन अमले की समझाईश के बावजूद लगातार पटाखे फोड़कर उन्हें खदेड़ने की कोशिश करते थे।

**नरसिंहपुर में हुई थी हाथी की मौत**

ग्राम नरसिंहपुर में करंट की चपेट में आने से 12 दिसम्बर को दल के एक हाथी की मौत हो गई थी। किसान ने अपने गन्ने की फसल की सुरक्षा के लिए खेत के किनारे करं की बाड़ लगाई थी। दल का एक हाथी गन्ना खाने की कोशिश में करंट की चपेट में आ गया था, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। आरोपी किसान को जेल भेजा गया है, इसके बावजूद वन्य जीवों का शिकार करने के लिए करंट का फंदा लगाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी है।

**एनएच को कराया गया पार**

बीती रात हाथी एनएच पार करने की लगातार कोशिश कर रहे थे लेकिन पटाखे एवं वाहनों के शोर से वापस लौट जा रहे थे। भोर में 3 बजे मार्ग से आवागमन अवरूद्ध कर हाथियों को एनएच पार कराया गया। हाथियों के जशपुर की ओर जाने की संभावना है।

-रविशंकर श्रीवास्तव
उप वन मंडलाधिकारी, राजपुर



## मेडिकल स्टोर की आड़ में संचालित हो रहा अवैध क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- मरीजों का किया जा रहा उपचार, सीएमएचओ ने दिए जांच के निर्देश

ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक लोगों की जान के दुश्मन बन गए है। बिना किसी डिग्री व अनुभव के ही मेडिकल स्टोर की आड़ में मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं होने के बाद भी क्लीनिक संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फर्जी क्लीनिक संचालित हो रहे है। इन क्लीनिक में मरीजों का बेड लगाकर उपचार भी किया जाता है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत बसदेई में सामने आया है जहां मेडिकल स्टोर की आड़ में लम्बे समय से अवैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर की आड़ में संचालक द्वारा भोले भाले ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ करने के साथ ही उनका उपचार किया जा रहा है। यहां आने वाले मरीजों को मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा इंजेक्शन, स्लाइन लगया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि क्लीनिक संचालक के पास इस कार्य का कोई लाइसेंस नहीं है और ना ही किसी प्रकार का अनुभव है। वहीं जिले में नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं होने से फर्जी क्लीनिक संचालकों के हौसले भी बुलंद है।

**जांच कराई जाएगी**

टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी और यदि अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है को कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ आरएस सिंह, सीएमएचओ

## यह मेरी नहीं भाजपा कार्यकर्ता और जनता की जीत : राजेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आभार यात्रा में नव निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

नव निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल ने रविवार को अग्रेसन भवन से आभार प्रदर्शन यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व शहरवासी शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ यात्रा शहर के अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, सदर रोड, देवीगंज रोड होते हुए घड़ी चौक पहुंची, जहां स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन में भव्य स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। जयस्तंभ चौक पर युवाओं ने आतिशबाजी कर विधायक का



स्वागत किया तथा उन्हें मेवे से तौल कर जश्न मनाया। यात्रा के समापन उपरांत विधायक भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं व जनता के सहयोग से भाजपा को जीत मिली है। उन्होंने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस दौरान अभय साहू, अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनएच 130 पर जलती मिली दो लावारिस बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अब तक नहीं सामने आया वाहन स्वामी, जांच में जुटी पुलिस

एनएच 130 पर बीती रात हुई एक घटना में दो लावारिश बाइक जलते हुए मिले है। बाइक किसके है या किसने बाइक को आग के हवाले किया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस द्वारा बाइक को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि एनएच 130 पर उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम दावा पुल पर दो बाइक के जलने की जानकारी पुलिस को मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बाइक में आग लगी हुई थी। थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, एएसआई गोमती यादव, प्रधान आरक्षक शत्रुधन, सरजू राजवाड़े द्वारा आस पास के घरों से पानी लाकर बाइक में लगी आग को बुझाया गया लेकिन तब तक दोनों बाइक जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस द्वारा फिलहाल बाइक



को जब्त कर थाने में रखा गया है लेकिन अब तक बाइक के स्वामी की जानकारी नहीं मिल पाई है। एनएच पर जांच के दौरान किसी दुर्घटना के संकेत भी नहीं मिले है ऐसे में इस घटना ने अनेकों सवालों को जन्म दिया है। संभावना यह भी जताई जा रही है किसी घटना को अंजाम देने के बाद बाइक को आग लगाया गया है या फिर किसी वाहन की टक्कर से बाइक में आग लगी। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## जोन स्तरीय बाल मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शिक्षा विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत मेंड्राखुर्द के तत्वधान में जोन स्तरीय बाल मेला का आयोजन पूर्व माध्यमिक शाला कुल्हाड़ी में किया गया। बाल मेला में डिगमा, भगवानपुर व खेलिबा के 430 बच्चे, 90 अभिभावक, 65 शिक्षक, 8 प्रधान पाठक, 2 संकुल प्राचार्य के साथ ही 14 संकुल के शैक्षणिक समन्वयक शामिल हुए। बीईओ गोपाल कृष्ण दुबे के नेतृत्व में आयोजित बाल मेला में बच्चों ने गणितमय खेल, भाषा कौशल, विज्ञान प्रयोग, सामाजिक विज्ञान के प्रदर्शन और रंगमंच प्रस्तुतियों में भाग लिया।फाउंडेशन के सुजीत कुमार ने बताया कि हम ना सिर्फ बच्चों की समस्याओं को समझते है बल्कि उनकी शिक्षा को भी प्राथमिकता देते है। शिक्षकों व स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर छात्रों का सर्वांगीण रूप से विकास हमारा उद्देश्य है। बीईओ ने बाल मेला का अवलोकन करने के बाद कहा कि इस महोत्सव में आपको विभिन्न कक्षाओं के गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा जो आपकी सोचने की क्षमता, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता को विकसित करेंगे। कार्यक्रम में बीआरसी संजीव भारती, फाउंडेशन की सागरिका, संकुल समन्वयक रामनाथ राम, शिवनेद्र प्रताप सिंह, विनय यादव, अदिरण कुंजूर, हेमलता प्रजापति, फरनाज बानो अंसारी, प्रमिला कुशवाहा, किरण डाहरे, सूरजकांति गुप्ता, रेखा सिंह देव, रेणुका पंडो, अल्पना सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।





## विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी गई योजनाओं की जानकारी

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के समस्त विकासखंडों में किया गया। शिविर के दौरान केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने के साथ ही योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिविर में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवा आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। इसके साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाकर बीपी, शुगर की जांच की गई और दवाओं का वितरण किया गया।

## क्रिसमस के अवसर पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद विश्वास गुप्ता, सीएमओ नपा राजेश कुशवाहा, स्कूल प्रबंधक फादर मिखाइल एक्का शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ईसा मसीह के जन्म स्थल के प्रतीक चरनी की आशिष प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा ने प्रार्थना एवं आरती से की। कक्षा आठवीं बच्चों ने विशिंग डांस, नवी के बच्चों ने क्रिसमस कैरोल, चौथी, छठवीं, दसवीं व ग्यारहवीं के बच्चों ने क्रिसमस थीम पर सान्ता



कैप पहनकर रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कक्षा सातवीं के बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म पर सुन्दर झांकी प्रस्तुत की जो उनके वास्तविक जीवन पर आधारित था। सम्पूर्ण क्रिसमस गैदरिंग में सांता क्लॉस का आगमन बच्चों की खुशी का केन्द्र बिन्दु था जिसने बच्चों को मिठाई बांट कर खूब मनोरंजन किया। स्कूल के प्राचार्य फादर सेबास्तियन ने भी वर्तमान परिवेश में क्रिसमस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए ईसा मसीह के प्रेम, शांति एवं मानवता के मूल्यों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रधान पाठक मिस प्रभा टोप्पो ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सांस्कृतिक विभाग का एवं स्टाफ के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।




## जनपद पंचायत में शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में की गई चर्चा, शाला भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश

## बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में सुधार के साथ खेलकूद पर दिया जाए विशेष ध्यान

**बलरामपुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा स्थाई समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान विकासखंड में शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि के लिए बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु आवश्यक रणनीति बनाने के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद को अनिवार्य कालखंड के रूप में शामिल करने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए शिक्षा समिति अध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहा कि बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता ना किया जाए व सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व शिष्यवृत्ती



का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि डी व ई ग्रेड के बच्चों को सूचीबद्ध कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाए व अतिरिक्त कक्षाओं में उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। शिक्षा विभाग से जुड़े भृत्य, स्वीपर, लिपिक या शिक्षक किसी अन्य संस्था में संलग्न है तो उन्हें मूल संस्था में वापस भेजा जाए। सभी संस्था प्रमुख यह सुनिश्चित करें की शाला समय में कोई भी विद्यार्थी परिसर के बाहर अनावश्यक रूप से घूमता न मिले। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरिशंकर सिंह ने शाला परिसर की साफ सफाई के संबंध में स्वीपर की नियुक्ति एवं वर्तमान स्थिति पर अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया तथा जिन विद्यालयों में स्वीपर नहीं है वहां वालंटियर के रूप में बच्चों को नियुक्त कर परिसर की साफ सफाई करने की बात कही। उपस्थित जनपद सदस्यों ने शाला भूमि का सीमांकन कर उसे शाला भूमि नाम से दर्ज करने के साथ साथ उसे शाला प्रबंधन समिति को हैंडओवर करने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने सर्व सहमति से पारित किया। बच्चों को व्यवहारिक व संस्कारों की शिक्षा मिल सके ऐसा सुनिश्चित करने का प्रयास करने को कहा गया। आज के बैठक में शिक्षा समिति सदस्य अंतोनिस किंडो, फुलसाय चरगट, श्रीमती सुबासो कासी सहित विकासखंड के सभी अधिकारी कर्मचारी, संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।




